# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**

मोहान रोड, लखनऊः 226 017 दूरभाष नं0–8004930056/0522-2999862/2998380/1/2/3294434 वेबसाइटः http://dsmru.up.nic.in


## कुलपति महोदय की अध्यक्षता में मा0 विद्या–परिषद की 29वीं बैठक में सम्मानित सदस्यों का उपस्थिति विवरण

| | |
|---|---|
| तिथि | 20 सितम्बर, 2023, (दिन–बुधवार) |
| समय | मध्याह्न 12:00 बजे |
| स्थान | सभागार, पंचम तल, प्रशासनिक भवन, विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

| क्र0 सं0 | नाम | पदनाम | विभाग का नाम | मोबाइल संख्या | ई–मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रोहित सिंह | कुलसचिव | डॉ0श0मि0रा0पु0, विश्वविद्यालय | | | |
| 2 | निदेशक / प्रतिनिधि | सदस्य | दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0 प्र0। | | | |
| 3 | प्रो0 हिमांशु शेखर झा | सदस्य | समाजशास्त्र, सामाजिक विज्ञान तथा समाज कार्य | 9412104528 | | |
| 4 | प्रो0 वी0 के0 सिंह | सदस्य | कला एवं संगीत संकाय | 9415695341 | — | 20/09/202 |
| 5 | प्रो0 अश्वनी कुमार दुबे | सदस्य | राजनीति शास्त्र | | | |
| 6 | प्रो0 शेफाली यादव | सदस्य | विधि | 8887222014 | | |
| 7 | प्रो0 नागेन्द्र यादव | सदस्य | प्रबन्धशास्त्र | 8887222015 | | 20/X/2023 |
| 8 | प्रो0 पी0 राजीव नयन | सदस्य | ललित कला | | | 20.9.23 |
| 9 | प्रो0 आर0 आर0 सिंह | सदस्य | शिक्षाशास्त्र | | | 20.09.23 |
| 10 | प्रो0 चन्द्र कुमार दीक्षित | सदस्य | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 941519096 | | 20/9/2023 |
| 11 | प्रो0 वीरेन्द्र सिंह यादव | सदस्य | हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा | 9415924888 | | 20/9/2023 |
| 12 | प्रो0 यशवन्त कुमार वीरोदय | सदस्य | हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा | 9453101495 | | 20/09/22 |
| 13 | डॉ0 अनामिका चौधरी | सदस्य | अर्थशास्त्र | 9792996111 | | 20/9/23 |

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ

**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**

मोहान रोड, लखनऊ: 226 017 दूरभाष नं0–8004930056/0522-2999862/2998380/1/2/3294434 वेबसाइट: http://dsmru.up.nic.in


# कुलपति महोदय की अध्यक्षता में मा0 विद्या–परिषद की 29वीं बैठक में सम्मानित सदस्यों का उपस्थिति विवरण

| | |
|---|---|
| तिथि | 20 सितम्बर, 2023, (दिन–बुधवार) |
| समय | मध्याह्न 12:00 बजे |
| स्थान | सभागार, पंचम तल, प्रशासनिक भवन, विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

| क्र0 सं0 | नाम | पदनाम | विभाग का नाम | मोबाइल संख्या | ई–मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | डॉ0 विनोदिनी कटियार | सदस्य | सूचना एवं प्रौद्योगिकी | | | |
| 15 | डॉ0 कविता त्यागी | सदस्य | अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा | | | |
| 16 | डॉ0 आशुतोष पाण्डेय | सदस्य | राजनीतिशास्त्र एवं लोक प्रशासन | 9411863763 | dsw@dsmrunic.in | [signature] |
| 17 | डा0 आलोक कुमार | सदस्य | इतिहास | 9415367012 | alok.dsmru@gmail | AK |
| 18 | डॉ0 संजीव गुप्ता | सदस्य | वाणिज्य | | | |
| 19 | डॉ0 पुष्पेन्द्र मिश्रा | सदस्य | वाणिज्य | 9415103233 | | [signature] 20/9/23 |
| 20 | डॉ0 विजय शंकर शर्मा | सदस्य | दृष्टि बाधितार्थ | 9412409625 | DRVJSS@Gmail.com | Vijay S 20/9/23 |
| 21 | डॉ0 कौशल शर्मा | सदस्य | श्रवण बाधितार्थ | 9005673449 | Kaushalvnu@gmail.com | [signature] 20/9/23 |
| 22 | श्री आशीष कुमार गुप्ता | सदस्य | दृष्टि बाधितार्थ | 9794855118 | akgupta.dsmru@gmail.com | [signature] 20/9/23 |
| 23 | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ**
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
**उत्तर प्रदेश सरकार**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रेषक

**कुलसचिव,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

(1). **निदेशक,**
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(2). **समस्त विभागाध्यक्षगण,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(3). **विभागाध्यक्षों से भिन्न समस्त आचार्य,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(4). **डॉ0 संजीव गुप्ता,**
एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(5). **श्री आशीष कुमार गुप्ता,**
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दृष्टिबाधितार्थ विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांक 1324 /पत्रा.सं0–568(द्वितीय)/डा.श.मि.रा.पु.वि./वि0परि0/2023–24 दिनांकः21 सितम्बर, 2023

**विषयः– डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या परिषद की 29वीं बैठक दिनांकः 20 सितम्बर, 2023 की कार्यवृत्त प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदया/महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या परिषद की 29वीं बैठक दिनाँकः 20 सितम्बर, 2023 को लिए गये निर्णयों का कार्यवृत्त की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जाने का निदेश हुआ है।

**संलग्न– यथोपरि।**

भवदीय,

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

**Address :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, E-mail : registrar@dsmnru.ac.in, Website : http://dsmru.up.nic.in

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
## की मा0 विद्या परिषद् की
## 29वीं बैठक दिनाँकः 20 सितम्बर, 2023 को आहूत बैठक
## का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय– | मध्याह्न : 12:00 बजे |
| स्थान– | प्रशासनिक भवन, पंचम तल स्थित सभागार, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की मा0 विद्या परिषद् की 29वीं बैठक विश्वविद्यालय के पंचम तल पर स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| क्र0सं0 | विषय |
|---|---|
| 1/29 | **मा0 विद्या परिषद् की 28वीं बैठक हेतु निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–मा0 विद्या परिषद् की 28वीं बैठक दिनाँक 07 जनवरी, 2023 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। |
| 2/29 | **मा0 विद्या परिषद् की 28वीं बैठक दिनाँक 07 जनवरी, 2023 में लिये गये निर्णयों के अनुपालन के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–मा0 विद्या परिषद् की 28वीं बैठक दिनाँक 07 जनवरी, 2023 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या मा0 विद्या परिषद् की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 3/29 | **विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की शिकायतों के निवारण एवं निस्तारण हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम–2023 को लागू किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की शिकायतों के निवारण एवं निस्तारण हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम–2023 को लागू किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत विचार–विमर्श करते हुए मा0 परिषद में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में पूर्व में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की शिकायतों के निवारण एवं निस्तारण हेतु एक नियमावली तैयार की जा चुकी है, जिसका सक्षम स्तर पर अनुमोदन भी प्राप्त किया जा चुका है। उपरोक्त नियमावली प्रख्यापित नियमों के अनुसार छात्रों की शिकायतों के निवारण के संबंध में विश्वविद्यालय में कुछ निर्णय भी लिए जा चुके हैं।<br>तत्क्रम में मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की शिकायतों के निवारण एवं निस्तारण हेतु विश्वविद्यालय में वर्तमान में प्रख्यापित नियमावली एवं |



(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

(प्रो0 राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | |
|---|---|
| | विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम–2023, दिनांक–11 अप्रैल, 2023 में दी गयी व्यवस्था को विश्वविद्यालय/संस्थान में तद्नुरूप नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु लागू किये जाने के संबंध में व्यापक विचार–विमर्श करते हुए इस संबंध में निम्नवत् निर्णय प्रदान किए गए जो निम्नवत् हैं:–<br><br>निर्णयः<br>1. उपरोक्त के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा एक समिति गठित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए तथा उक्त गठित समिति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम–2023 व्यवस्थानुसार गठित किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।<br>2. उक्त गठित समिति विश्वविद्यालय द्वारा (पूर्व में प्रख्यापित नियमावली) एवं (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम–2023) को अंगीकृत किए जाने तथा पूर्व में विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति की संस्तुतियों को उक्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम–2023 की व्यवस्थाओं के अनुरूप अपनी संस्तुतियाँ प्रस्तुत किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। |
| 4/29 | **वाणिज्य विभाग में शैक्षिक–सत्र 2021–22 प्री–पीएच–डी कोर्स वर्क सिलेबस एवं बी0कॉम पाठ्यक्रम में वोकेशनल पेपर NEP-2020 के अनुरूप "Banking Practice in India" के नाम व पाठ्यक्रम पर संस्तुति के सम्बन्ध में।** |
| | मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विश्वविद्यालय में वाणिज्य विभाग में शैक्षिक–सत्र 2021–22 प्री–पीएच–डी कोर्स वर्क सिलेबस एवं बी0कॉम पाठ्यक्रम में वोकेशनल पेपर NEP-2020 के अनुरूप "Banking Practice in India" के नाम व पाठ्यक्रम पर अनुमोदन हेतु विस्तृत विचार–विमर्श किया गया।<br>तत्क्रम में मा0 परिषद की आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि वाणिज्य विभाग में दिनांक–31 मार्च, 2023 एवं दिनांक 05 अप्रैल, 2023 को बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक सम्पन्न की गयी, जिसमें बोर्ड ऑफ स्टडीज के सदस्यों द्वारा शैक्षिक–सत्र 2021–22 प्री–पीएच–डी कोर्स वर्क पाठ्यक्रम एवं बी0 कॉम0 पाठ्यक्रम में वोकेशनल पेपर एन.ई.पी.–2020 के अनुरूप ''बैंकिंग प्रैक्टिस इन इण्डिया'' पेपर के नाम व पाठ्यक्रम पर विचारोपरान्त संस्तुति प्रदान की जा चुकी है।<br>**निर्णयः आहूत बैठक में विद्यार्थियों के उन्नयन के दृष्टिगत वाणिज्य विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की संस्तुति के दृष्टिगत शैक्षिक–सत्र 2021–22 प्री–पीएच–डी कोर्स वर्क पाठ्यक्रम एवं बी0 कॉम0 पाठ्यक्रम में वोकेशनल पेपर एन.ई.पी.–2020 के अनुरूप ''बैंकिंग प्रैक्टिस इन इण्डिया'' पेपर के नाम व पाठ्यक्रम पर मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।** |



(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | |
|---|---|
| 5/29 | **प्रबन्धशास्त्र विभाग में संचालित एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम एवं नवीन पाठ्यक्रम पीजीडीआईडब्लूएम पर बोर्ड आफ स्टडीज की आहूत बैठक में प्रदत्त संस्तुति पर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विश्वविद्यालय के प्रबन्धशास्त्र विभाग में संचालित एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम एवं नवीन पाठ्यक्रम पीजीडीआईडब्लूएम पर प्रदत्त संस्तुति पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया, तत्क्रम में मा0 विद्या परिषद में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि प्रबन्धशास्त्र विभाग में दिनांक–02 मार्च, 2023 को बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में विभाग में संचालित एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम एवं नवीन पाठ्यक्रम पी0जी0 डिप्लोमा (PGDIWM) पर संस्तुति प्रदान की जा चुकी है।<br><br>**निर्णयः मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में सम्यक विचारोपरान्त निम्नलिखित प्रस्तावों पर शैक्षिक सत्र 2024–25 से निम्न पाठ्यक्रमों के संचालन किये जाने हेतु यथावांछित अनुमोदन प्रदान किया गया।**<br><br>1. Additional Elective/Specialization (Additional Elective for MBA programme) from the coming education session 2023-24.<br>2. New P.G Diploma Programme, "Post Graduate Diploma in Investment and Wealth Management" (PGDIWM) from education session 2024-25<br>3. Guideline for MGT-305 (Summer Training Project & Comprehensive Viva) and MGT-403 (Research Project Comprehensive Viva). session 2024-25 |
| 6/29 | **अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग हेतु ऑनर्स पाठ्यक्रमों के संचालन के सम्बन्ध में।** |
| | मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग हेतु ऑनर्स पाठ्यक्रमों के संचालन के सम्बन्ध में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। तत्क्रम में मा0 परिषद में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के अन्तर्गत 05 विभाग संचालित है, जिसमें लगभग 750 विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली (AICTE) द्वारा दिनांक 02 अप्रैल, 2022 को नई शिक्षा नीति–2020 के तहत तकनीकी पाठ्यक्रमों हेतु नवीन पाठ्यक्रम/पाठ्यचर्या को प्रकाशित कर दिया है, जिसे विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में संचालित तकनीकी पाठ्यक्रमों हेतु अंगीकृत/सुदृढ़ीकरण किये जाने की प्रक्रिया की जा रही है।<br><br>उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की अभिरूचि के दृष्टिगत नई शिक्षा नीति–2020 के दिशा–निर्देश के दृष्टिगत 60–60 सीटों के दो नये पाठ्यक्रम–B.Tech (Hons,) Computer Science and Engineering with Artificial Intelligence Data Science and B.Tech (Hons.) Computer Science and |



(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | |
|---|---|
| | Engineering with Data Science & Financial Management की 60–60 सीटों के प्रारम्भ करने, जो नई शिक्षा नीति–2020 व मॉडल करीकुलम के अनुसार ही होंगे।<br>निर्णयः– मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के उत्थान एवं विद्यार्थियों के उन्नयन एवं अभिरूचि के दृष्टिगत विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग में नई शिक्षा नीति–2020 की दिशा–निर्देश के दृष्टिगत 60–60 सीटों के दो नये पाठ्यक्रम–**B.Tech (Hons,) Computer Science and Engineering with Artificial Intelligence Data Science and B.Tech (Hons.) Computer Science and Engineering with Data Science & Financial Management** की 60–60 सीटों के प्रारम्भ किए जाने हेतु सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी। |
| 7/29 | **प्री–पीएच–डी कोर्स वर्क के पाठ्यक्रम पर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में प्री–पीएच–डी कोर्स वर्क के पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत विचार–विमर्श करते हुए मा0 परिषद की आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग द्वारा प्री–पीएच–डी कोर्स वर्क के सिलेबस विभागीय शोध समिति की आहूत बैठक में संस्तुति प्रदान की जा चुकी है।<br>**निर्णयः विश्वविद्यालय में प्री–पीएच–डी कोर्स वर्क के पाठ्यक्रम पर विस्तृत विचार–विमर्श करते हुए मा0 विद्या परिषद द्वारा यथावांछित अनुमोदन प्रदान किया गया।** |
| 8/29 | **विश्वविद्यालय के दशम् दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि पर विचार विमर्श।** |
| | मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विश्वविद्यालय के दशम् दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि के संबंध में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। तत्क्रम में मा0 परिषद की आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के दशम् दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ0 कनुभाई टेलर, अध्यक्ष, डिसेबल वेलफेयर ट्रस्ट ऑफ इण्डिया, सूरत, गुजरात को उक्त दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित किया गया है।<br>**निर्णयः मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के दशम् दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि हेतु पद्मश्री डॉ0 कनुभाई टेलर, अध्यक्ष, डिसेबल वेलफेयर ट्रस्ट ऑफ इण्डिया, सूरत, गुजरात हेतु यथावांछित अनुमोदन प्रदान किया गया।** |
| 9/29 | **दशम् दीक्षान्त समारोह में उपाधि, डिप्लोमा, प्रमाण–पत्र एवं पदक के सम्बन्ध में।** |

(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में दशम् दीक्षान्त समारोह में उपाधि, डिप्लोमा, प्रमाण–पत्र एवं पदक वितरित किए जाने के सम्बन्ध में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। तत्क्रम में आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय का दशम् दीक्षान्त समारोह दिनाँक–23 सितम्बर, 2023 को आयोजित किया जाना निर्णीत हुआ है। उक्त दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2022–23 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 1622 (1572+50(37 शोधार्थियों की शोध उपाधि की अधिसूचना निर्गत है, शेष 13 शोधार्थियों की शोध उपाधि अधिसूचित किये जाने हेतु शोध उपाधि के समक्ष निर्णयार्थ प्रस्तुत, को भी सम्मिलित करते हुए शोध उपाधि की कुल संख्या 37+13=50 आंकलित)। उत्तीर्ण अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को उपाधि (डिप्लोमा, सर्टिफिकेट एवं पी.एच.डी. सहित) तथा कुल 142 पदक प्रदान किया जाना निर्णीत है।

**निर्णयः मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में दिनांक 23 सितम्बर, 2023 को आयोजित दशम् दीक्षान्त समारोह में उपाधि, डिप्लोमा, प्रमाण–पत्र एवं पदक के सम्बन्ध में विस्तृत विचार–विमर्श करते हुए कुल 1622 उत्तीर्ण अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को उपाधि (डिप्लोमा, सर्टिफिकेट एवं पी.एच.डी. सहित) कुल 142 पदक प्रदान किए जाने हेतु यथावांछित अनुमोदन प्रदान किया गया। समारोह में विद्यार्थियों को वितरित किए जाने वाले पदक निम्नवत् हैः–**

| क्र0सं0 | पदक | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | स्वर्ण पदक | 52 |
| 2 | रजत पदक | 45 |
| 3 | कांस्य पदक | 45 |
| कुल पदक | | **142** |

10/29 **पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ की स्थापना के सृजन के सम्बन्ध में।**

मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में **पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ की स्थापना के सृजन के सम्बन्ध में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। तत्क्रम में मा0 परिषद की आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि** पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी एक मनीषी, चिन्तक एवं कर्मयोगी थे, जिनकी भारतीय संस्कृति एवं परम्परा के प्रति प्रगाढ़ आस्था थी। आधुनिक भारत में जिन राजनीतिक विचारकों ने अपने विवेकपूर्ण चिन्तन एवं कृत्यों से भारतीय राजनीति को शुचिता एवं शुद्धता के धरातल पर आधारित करने की चेष्टा की है उनमें पं0 दीनदयाल उपाध्याय का स्थान अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है।

उत्तर प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा स्थापित लगभग 15 विश्वविद्यालयों में पं0 दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ संचालित है। उनमें दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज, ख्वाजा मुइनुद्दीन



(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

(प्रो0 राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | |
|---|---|
| | चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ तथा इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज आदि प्रमुख रूप से उल्लेखनीय है।<br>मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विचार–विमर्श करते हुए अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दिव्यागों हेतु स्थापित डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय मोहान रोड, लखनऊ में पं0 दीनदयाल उपाध्याय के नाम से शोध पीठ स्थापित किये जाने से इसमें अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को पं0 दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत एकात्म मानव दर्शन को समझने का अवसर प्राप्त होगा। केन्द्र सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित महत्वाकांक्षी परियोजना 'भारतीय ज्ञान परम्परा के समुन्नयन' के अन्तर्गत डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में पं0 दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का सही प्रकार से प्रस्तुतीकरण किया जा सकेगा।<br>**निर्णयः मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विश्वविद्यालय में पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ की स्थापना के सृजन के सम्बन्ध में विस्तृत विचार विमर्श करते हुए पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोध पीठ में निदेशक, उप निदेशक एवं सहायक आचार्यों हेतु नियमावली में प्रस्तावित विषयों की बाध्यता से मुक्त रखते हुए कला संकाय के अधीन संचालित होने वाले विषयों में से किसी एक विषय/विषयों में परास्नातक तथा पी0एच0डी0 अनिवार्य करते हुए उक्त शोधपीठ की स्थापना के सृजन के सम्बन्ध में सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।** |
| 11/29 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।** |
| (1) | **अर्थशास्त्र विभाग तथा समाजशास्त्र/समाजिक विज्ञान विभाग के प्री–पी0एच0डी0 के परास्नातक (एम0ए) पाठ्यक्रम एवं प्री–पीएच–डी कोर्स वर्क के पाठ्यक्रम की संरचना के सम्बन्ध में।** |
| | मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में अर्थशास्त्र विभाग के परास्नातक (एम0ए) पाठ्यक्रम एवं प्री–पीएच–डी वर्क के पाठ्यक्रम की संरचना में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग हेतु परास्नातक (एम0ए) पाठ्यक्रम के रिविजन एण्ड अपडेशन एवं विभागीय प्री–पीएच–डी कोर्स वर्क के पाठ्यक्रम पर दिनांक 24.04.2023 को विभागीय अध्ययन मण्डल की बैठक में संस्तुति प्रदान की गयी।<br>**निर्णयः मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के परास्नातक (एम0ए) पाठ्यक्रम एवं प्री–पीएच–डी कोर्स वर्क के पाठ्यक्रम की संरचना के सम्बन्ध में सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।** |
| 11/29<br>(2) | **विश्वविद्यालय में राज्य अनुसंधान केन्द्र की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय में राज्य अनुसंधान केन्द्र की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में राज्य अनुसंधान केन्द्र की स्थापना एवं संचालन के सम्बन्ध में (दिव्यांगता अनुसंधान एवं नवाचार केन्द्र) की स्थापना किया जाना है। उपरोक्त राज्य |



(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

(प्रो0 राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | |
|---|---|
| | अनुसंधान केन्द्र की स्थापना किये जाने **से दिव्यांगता के क्षेत्र में शोध किए जा सकेगें जिससे समाज एवं प्रदेश स्तर के दिव्यांगजन को लाभान्वित किया जा सकेगा।**<br><br>**निर्णयः मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में राज्य अनुसंधान केन्द्र की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।** |
| 11/29 (3) | **विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में M.Com Syllabus (CBCS) पाठ्यक्रम की संरचना के सम्बन्ध में।** |
| | मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विश्वविद्यालय में **विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में M.Com Syllabus (CBCS) पाठ्यक्रम की संरचना के सम्बन्ध में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि** विश्वविद्यालय में वाणिज्य विभाग हेतु **M.Com Syllabus (CBCS) पाठ्यक्रम** को विभागीय अध्ययन मण्डल की आहूत बैठक दिनांक 29.07.2023 को संस्तुति प्रदान की जा चुकी है, उक्त पाठ्यक्रम को शैक्षिक सत्र 2023–24 से लागू किया जाना है।<br><br>**निर्णयः मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में M.Com Syllabus (CBCS) पाठ्यक्रम की संरचना के सम्बन्ध में सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।** |
| 11/29 (4) | **विश्वविद्यालय में संचालित प्रबन्धशास्त्र संकाय में B.B.A. पाठ्यक्रम में आंवटित सीटों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में विश्वविद्यालय में संचालित प्रबन्धशास्त्र संकाय में B.B.A. पाठ्यक्रम में आंवटित सीटों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। तत्क्रम में मा0 परिषद में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि वर्तमान में बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम में आंवटित सीटों के सापेक्ष समस्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। इसके अतिरिक्त कुछ अप्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिये जाने हेतु कई बार अनुरोध किया जा चुका है। इस क्रम में अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रवेशार्थी के प्रवेश किये जाने से विभाग की आय में कुछ वृद्धि हो सकेगी। प्रवेशित विद्यार्थियों के अध्यापन हेतु उनके सापेक्ष बैठने हेतु कक्ष में स्थान पर्याप्त हैं।<br><br>**निर्णयः मा0 विद्या परिषद की आहूत बैठक में सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में संचालित प्रबन्धशास्त्र संकाय में B.B.A. पाठ्यक्रम में आंवटित सीटों के अतिरिक्त कुल 15 सीटें वृद्धि किये जाने हेतु विभागीय सक्षम स्तर से अनुमोदन के उपरान्त सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।** |
| | **किसी अन्य बिन्दु के अभाव में सधन्यवाद बैठक का समापन किया गया।** |

(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ